प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंचित समुदायां को सहायता देने के लिये पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल किया लांच : प्रदेश के हजारों लाभार्थी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में हुए शामिल।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव, बरेली और फर्रूखाबाद में आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक परियोजनाओं का किया शुभारम्भ : 10 मिनट में किसानों को मिल सकेगा ऋण।
3. राज्य सरकार के 16 लाख कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार फोसदी की बढ़ोत्तरी ।

और

4. आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट का केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया शुभारम्भ।

--------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण' पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया और वंचित समुदायों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कर्मियों सहित वंचित वर्गों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ भी बातचीत की। इस कार्यक्रम में देश भर के 470 से अधिक जिलों से वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लगभग तीन लाख लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम नमस्ते के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किए।

प्रदेश में विभिन्न जिलों से लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए और कई प्रतिभागियों के साथ प्रधानमंत्री ने संवाद भी किया। कौशाम्बी, फतेहपुर, मुरादाबाद, सुल्तानपुर, अमेठी, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट और प्रयागराज से हमारे प्रतिनिधियों ने जानकारी दी है कि बड़ी संख्या में लाभार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

-------------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नाव, फर्रूखाबाद और बरेली में आठ सौ सत्तावन करोड़ रूपये से अधिक के लागत की दो सौ उन्नहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और षिलान्यास किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने उन्नाव के फतेहपुर चैरासी स्थित ग्राम चंद्रिकाखेड़ा में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया।

उसके बाद दो सौ इक्तालीस दशमलव दो छह करोड़ की एक सौ तीन परियोजनाओं की जनपद वासियों को सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। इसी का परिणाम है कि भारत विश्व गुरु के रूप में उभरता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अगले कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद फर्रूखाबाद में दो सौ अठ्ठासी दषमलव दो पांच करोड़ की 102 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज फर्रुखाबाद किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा 10 मिनट में लोन की सुविधा से जड़ने वाला देश का पहला जनपद बन गया है। श्री योगी ने कहाकि गंगा एक्सप्रेस–वे को फर्रुखाबाद से भी जोड़ा जायेगा। बाइट...........

*देश के अंदर पिछले दस वर्ष में जो परिवर्तन हुआ है उस परिवर्तन का ही आज परिणाम है कि देशवासी आज एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़े और हर देशवासी का एक संकल्प बना है विकसित भारत विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है विकसित। उत्तर प्रदेश के लिए फर्रुखाबाद का विकसित होना भी आवश्यक है। फर्रुखाबाद के विकसित होने के लिए एक एक गांव एक एक नगर निकाय को विकसित होना पड़ेगा और विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना के साथ आगे बढ़ेगे, तो विकसित भारत को कोई ताकत रोक नहीं सकती है।*

इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद बरेली में तीन सौ अठ्ठाइस करोड़ की चैंसठ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

-------------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोकभवन सभागार में एमएसएमई क्षेत्र के लिये 30 हजार 826 करोड़ के मेगा ऋण वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बडा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ भी किया।

-------------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंगाई भत्ते में चार फीसदी वृद्धि पर सहमति देकर प्रदेश के 16 लाख राज्य कर्मियों को होली का उपहार दिया है। इस बढ़ोत्तरी के बाद राज्य कर्मचारियों को अब 46 फीसदी की बजाय 50 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। यह आदेश एक जनवरी दो हजार चैबीस से प्रभावी होगा। अपर मुख्य सचिव न महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है।

--------------

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू को। उन्होंने पीबी शब्द यानी प्रसार भारती शेयर्ड आडियो विजुअल्स फॉर ब्राडकास्ट

डिसेमिनेशन नामक न्यूज सर्विस की भी शुरूआत की। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया। श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले आठ दशकों से आकाशवाणी सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान इसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। श्री ठाकुर ने कहा कि न्यूज़ ऑन ए आई आर ऐप सरकारी योजनाओं के बारे में समाचार और जानकारी प्राप्त करन का एक शक्तिशाली माध्यम है। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रसार भारती शब्द, संशोधित वेबसाइट और ऐप, समाचार संगठनों और लोगों तक सूचना प्रसारित करने में लाभदायक होंगे।

--------------

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तीन लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक विज्ञप्ति के अनुसार एनसीसी की बढती मांग को पूरा करने के लिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से कैडेट्स शामिल किए जाने की उम्मीद है।

योजना के तहत चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाईयों की स्थापना भी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि विस्तार योजना में पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव है।

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि इस फैसले से एनसीसी विश्व की सबसे बडा वर्दीधारी संगठन बन गया है।

--------------

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा सहित दस अन्य राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई। समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण सहित अन्य लोग शामिल थे। राज्यपाल ने सभी को नवीन उत्तरदायित्व देने की बधाई और सफल कार्य सम्पादन की शुभकामनाएं दी

--------------

फर्जी तरीके से शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने के मामले में वाराणसी के विषेश न्यायधीष अवनीश गौतम की अदालत ने आज पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को आजीवन करावास की सजा सुनाई ह। कोर्ट ने सजा के अंतर्गत दो लाख रूपया

का जुर्माना भी पूर्व विधायक पर लगाया गया है। अगर पूर्व विधायक जमाने की राशि अदा नहीं कर पाते हैं तो सजा एक साल और बढ़ जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा रहा।

--------------

होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक जोड़ी स्पेशल रेलगाड़ी टनकपुर से दौराई तथा दौराई से टनकपुर के बीच चलाई जाएगी। इससे पीलीभीत व आसपास के यात्रियों के लिये दिल्ली और अजमेर तक की यात्रा सुगम हो जायेगी। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि होली पर विशेष गाड़ी 22 से 29 मार्च तक हर शुक्रवार, सोमवार और बुधवार को टनकपुर से प्रस्थान करके पीलीभीत से रवाना होगी। यह गाड़ी बरेली, मुरादाबाद व दिल्ली होते हुएदूसरे दिन दौराई पहुंचेगी। इस रेल में कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

--------------

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग ने देशभर में अपनी विभिन्न क्षेत्रीय समाचार एकांशों में पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर संपादकीय कार्यकारी और समाचार वाचक सह–अनुवादक नियुक्त करने के लिए अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

अधिक जानकारी वेबसाइट newsonair.gov.in @vacancies पर उपलब्ध हैं। 19 मार्च, 2024 तक आवेदन किये जा सकते हैं।

--------------

## केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद–बैठक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने आज प्रयागराज फूलपुर लोकसभा के भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के साथ बैठक कर आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओ को चुनाव को लेकर सुझाव दिए। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि देशभर में लोकसभा चुनाव के निमित्त कल 171 क्लस्टर बनाए गए हैं। आज प्रयागराज में फूलपुर इलाहाबाद प्रतापगढ़ और कौशांबी लोकसभा सीट संगठन प्रभारी विधानसभा प्रभारी और विस्तारक के साथ चुनावी चर्चा और तैयारी पर समीक्षा की गई।

पीटीसी प्रयागराज